महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
ज्ञान शांति मैत्री

# कम्प्यूटर पर हिंदी में कार्य को दें बढ़ावा - एम. एल. गुप्ता

## हिंदी विवि में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न




*हिंदी विश्वविद्यालय में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वय समिति की बैठक में उपस्थित प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन, श्री एम. एल. गुप्ता तथा अधिकारी एवं प्रतिनिधि ।*




*बैठक को संबोधित करते प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन। मंच पर श्री एम. एल. गुप्ता, डॉ. उमेश कुमार सिंह तथा राजेश यादव।*

केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों एवं अधीनस्थ संस्थाओं को चाहिए कि वे कम्प्यूटर पर हिंदी में कार्य को बढ़ावा दें और यूनिकोड के इस्तेमाल के लिए सभी को प्रशिक्षित करें। उक्त आह्वान गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, मुंबई में पश्चिम क्षेत्र के उप निदेशक एम. एल. गुप्ता ने किया। वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के भाषा विद्यापीठ के सभागार में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, वर्धा की दूसरी बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। बैठक की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन ने की। इस अवसर पर वर्धा स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों, संस्थानों तथा अधीनस्थ कार्यालयों के प्रतिनिधि प्रमुखता से उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 343 के अनुसार हिंदी संघ की राजभाषा है। इसे सामासिक अभिव्यक्ति का माध्यम बनाने के लिए हमें 90 प्रतिशत कार्य हिंदी

में ही करना है। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से कार्यशालाओं का आयोजन कर अधिकारी एवं कर्मियों को यूनिकोड में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि पश्चिम क्षेत्र के अंतर्गत महाराष्ट्र, गुजरात एवं गोवा राज्यों में 51 नगर राजभाषा समितियों का गठन हुआ है। इस मंच के माध्यम से अनेक प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं तथा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने आह्वान किया कि वर्धा के सभी शालाओं के कम्प्यूटर शिक्षक तथा हिंदी एवं मराठी के शिक्षकों को बुलाकर उन्हें भी कम्प्यूटर में हिंदी के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि वे अपने स्कूल और कॉलेजों में छात्रों को यूनिकोड और हिंदी में कार्य करने के बारे में प्रशिक्षण दे सके।



*बैठक में सहभागी प्रतिनिधि*

बैठक में कर्मचारियों को हिंदी प्रशिक्षण, कार्यालयों में हिंदी के पदों का सृजन, राजभाषा संबंधी प्रगति रिपोर्ट, कार्यालयों के बोर्ड, रजिस्टर, पत्रशीर्ष लिफाफे आदि द्विभाषी करवाना, वेबसाइट द्विभाषी बनाना, तीन माह में एक बार हिंदी कार्यशाला का आयोजन करना, कर्मियों को यूनिकोड में हिंदी टंकण का प्रशिक्षण देना आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी।

बैठक का संचालन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव तथा विश्वविद्यालय में साहित्य विद्यापीठ के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपना दायित्व नवनियुक्त हिंदी अधिकारी राजेश यादव को सौंपा। प्रारंभ में प्रतिकुलपति तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। बैठक में वर्धा शहर की बैंक शाखाओं के प्रबंधक, दूरदर्शन, मध्य रेलवे, पावर ग्रिड कार्पोरेशन, एमगिरी के प्रतिनिधियों सहित न.रा.का.स. के सदस्य विवि के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एम. एम. मंगोड़ी, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे एवं संगीता मालवीय, आरती गुडधे उपस्थित थे।